## एक नजर में

### वार्षिक आमसभा एवं सम्मान समारोह 7 को

**बैतूल।** मध्य प्रदेश विद्युत मंडल कर्मचारी स्व सहायता सहकारी साख समिति मर्यादित बैतूल की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 7 सितंबर दिन रविवार को दोपहर 1 बजे म. प्र. म. क्षे. वि. वि कं. लिमिटेड बैतूल दक्षिण संभाग, लिंक रोड टिकारी बैतूल में आयोजित की जा रही है। साधारण सभा में समिति के वर्ष 2024- 25 के आय व्यय एवं स्थिति विवरण पत्र को पर विचार विमर्श, आगामी वर्ष के लिए क्रियाकलापों पर विचार, आगामी सहकारी वर्ष के लिए बजट प्रस्तुत करने बाबत, संपरीक्षा रिपोर्ट वर्ष 2023 /24 पर विचार करने बाबत, अन्य विषय उपविधि के अनुसार, शुद्ध लाभ के व्ययन बाबत, समिति के उपविधि संशोधन करने बाबत विचार किया जाएगा। वार्षिक आमसभा में कर्मचारियों के पुत्र एवं पुत्रियो के कक्षा आठवीं 10वीं एवं 12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लेने वाले प्रतिभावान बच्चों का सम्मान एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया है। संस्था अध्यक्ष संतोष कुमार शिंदे ने संस्था के सभी सदस्यों से उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### पिछले 24 घंटे के दौरान 5 .0 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**बैतूल।** जिले की औसत वर्षा 1083 .9 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 827 .9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 918 .5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 5 सितंबर 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 5 .0 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 5 सितंबर 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील बैतूल में 2.0, घोड़ाडोंगरी में 0.0, चिचोली में 7.0, शाहपुर में 0.0, मुलताई में 6.0, प्रभात पट्टन में 5.0, आमला में 2.0, भैंसदेही में 0.0, आठनेर में 0.0 तथा भीमपुर में 28.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### शिक्षक दिवस पर नेत्रदान का लिया संकल्प

**बैतूल।** श्रेष्ठ दान वह माना जाता है जो व्यक्ति के जीवन में स्थाई लाभ पहुंचाए और उसके जीवन को बेहतर बनाए जिसमें विद्या दान के समान ही नेत्रदान को भी श्रेष्ठ माना जाता है। क्योंकि यह जीवन भर किसी के काम आता है और नेत्रदान से आत्मा शांति मिलती है। इसी उद्देश्य को लेकर शुक्रवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर ढोंडवाड़ा स्कूल में पदस्थ शिक्षक व विगत वर्षो से शैक्षणिक कार्य के साथ समाज सेवा में मदनलाल डढोरे ने एक कदम आगे आकर मृत्यु पश्चात अपने पढाए हुए छात्रों में से किसी जरूरतमंद छात्र-छात्रा को नेत्रदान करने का संकल्प लिया। शिक्षक द्वारा यह संकल्प पत्र केन्द्रीय राज्य मंत्री सांसद डीडी उइके व जिला अस्पताल के अधिकारियों को सौंपा। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि किसी नेत्रहीन को नेत्र मिल जाना बहुत बड़ी बात होती है जिससे वह दुनिया देख सकता है। शिक्षा जगत में शिक्षक द्वारा किया गया यह कार्य आगामी पीढ़ी व समाजसेवा सहित अन्य शिक्षकों के लिए अनुकरणीय पहल है। शिक्षक श्री डढोरे ने कहा कि व्यक्ति जीवन भर अपने लिए जीता है परन्तु मरने के बाद मेरे आंखों से मेरा कोई छात्र दुनिया को देख सके इससे बड़ा पुण्य और कुछ नहीं हो सकता है। श्री डढोरे ने कहा कि मेरा यह प्रयास रहेगा की नेत्रदान को लेकर मैं और लोगों को जागरूक कर सकु। जिससे समाज कई नेत्रहीन लोगों को इस महा अभिशाप से मुक्ति मिल सके।

# किराया वसूली के लिए नपा ने जारी किए दुकानदारों को नोटिस

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 5 सितंबर. शहर में नगरपालिका के 19 काम्प्लेक्स में करीब 306 दुकानें संचालित हो रही है। इनमें से कई दुकानदारों ने अभी तक किराया जमा नहीं किया है।**

**दुकानदारों पर करीब 20 से 25 लाख किराया बकाया**

**राजस्व वसूली को लेकर नपा हुई सख्त**





ऐसे दुकानदारों को नगरपालिका ने नोटिस जारी कर किराया जमा करने के लिए कहा है। यदि दुकानदार किराया जमा नहीं करते है तो नपा एक तरफा कार्रवाही करेगी। दरअसल नगरपालिका के शहर में 19 काम्प्लेक्स है, इनमें लगभग 306 दुकानें संचालित हो रही है। इन दुकानों का किराया नगरपालिका ने दुकानों की साइज, लोकेशन के आधार पर तय किया है। 500 रुपए प्रति दुकान से लेकर 5000 रुपए तक का किराया वसूला जाता है। आमतौर पर दुकानदार प्रतिमाह किराया जमा न कर साल में एक बार किराया जमा करते हैं, लेकिन इसमें भी लेटतलीफी की जा रही है। डेढ़-दो साल ऊपर होने के बाद भी कई दुकानदारों ने किराया जमा नहीं किया हैं। इस किराये की वसूली के लिए नगरपालिका ने दुकानदारों को थोक में नोटिस जारी किए हैं। नोटिस में 15 दिन में किराये का भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। किराये जमा नहीं करने की स्थिति में एक तरफा कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बताया गया कि एक साल से दुकानदारों ने किराये का भुगतान नहीं किया है जिसके कारण नपा की आर्थिक स्थिति लडखड़ा गई है। बताया जा रहा है कि नगरपालिका 306 दुकानदारों से प्रतिमाह किराया वसूली करती है जो साल का 84 लाख रुपए किराया होता है।

### कई दुकानदार साल में एक बार करते है जमा

आमतौर पर दुकानदार प्रतिमाह किराया जमा न कर साल में एक बार किराया जमा करते हैं, लेकिन इसमें भी लेटतलीफी की जा रही है। डेढ़-दो साल ऊपर होने के बाद भी कई दुकानदारों ने किराया जमा नहीं किया हैं। बताया जा रहा है कि अभी भी 40 से 50 दुकानदारों पर किराये की करीब 20 से 25 लाख रूपये की राशि बकाया है। ऐसे में नगरपालिका ने इन दुकानदारों को किराया जमा करने के लिए नोटिस जारी किये है। नोटिस में किराया जमा करने के लिए एक निर्धारित अवधि दी गई । इसके बाद यदि किराया जमा नहीं किया जाता हैं तो सूचना तामील की जाकर बकाया राशि की वसूली की कार्रवाई की जाएगी।

> नगरपालिका के काम्प्लेक्स के दुकानदारों द्वारा किराया जमा नहीं कराया गया है। किराया वसूली के लिए नोटिस जारी किए जा रहे हैं। करीब 20 से 25 लाख रुपए दुकानदारों पर बकाया है। किराया जमा नहीं करने की स्थिति में नपा कार्रवाई करेगी।
>
> **- ब्रजगोपाल परते,** वरिष्ठ राजस्व निरीक्षक बैतूल

### नोटिस से दुकानदारों में अफरा-तफरी का माहौल

नोटिस मिलने के बाद दुकानदारों में अफरा-तफरी है। नपा ने ऐसे दुकानदारों को नोटिस जारी किया है, जिन्होंने लंबे समय से किराये की राशि जमा नहीं की है। नपा सूत्रों की माने तो राजस्व में आ रही कमी के कारण कर्मचारियों के वेतन के साथ-साथ विकास कार्यो पर असर पड़ सकता है। इसलिए नगरपालिका को अपनी राजस्व वसूली प्रणाली को सख्त और व्यवस्थित बनाना होगा। दुकानदारों की जिम्मेदारी तय करना और कानूनी उपाय अपनाना आवश्यक है, ताकि कर्मचारियों को समय पर वेतन मिल सके और नागरिकों को बेहतर सेवाएं मिलती रहें। देखने में यह आ रहा है कि नगरपालिका भी प्रतिमाह दुकानदारों से किराया वसूली को लेकर जागरूक नहीं है। जब बकाया राशि बढ़ जाती हैं तो आनन-फानन में वसूली के लिए नोटिस जारी किए जाते हैं।

## आठनेर में जन शिक्षकों को सौंपी सक्षम कार्यक्रम की कमान

**बैतूल।** आठनेर विकासखंड में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित सक्षम कार्यक्रम की प्रगति और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी जन शिक्षकों को सौंपी गई है। जनशिक्षक न केवल कार्यक्रम की गतिविधियों की निगरानी करेंगे, बल्कि शिक्षकों, मास्टर ट्रेनर्स और अन्य हितधारकों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाने में सेतु की भूमिका निभाएंगे। इसी उद्देश्य से आठनेर में एक दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान जन शिक्षकों को सक्षम कार्यक्रम के सफल संचालन



और प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़ी आवश्यक जानकारियां और कौशल प्रदान किए गए। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद गिहारे एवं खंड स्रोत समन्वयक राजेश कुमार आठनेरे ने मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि सक्षम कार्यक्रम तभी सार्थक परिणाम देगा जब स्कूल, शिक्षक और हम सभी इसके क्रियान्वयन में सहयोगी बनें। बच्चों तक इसका लाभ पहुंचाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रशिक्षण सत्र को ब्लॉक प्रबंधक श्री मेहरबान सिंह ने संबोधित किया तथा कार्यक्रम की सहज कार्ययोजना पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया किस तरह एसक्यूएमएफ ऑनलाइन फॉर्मेट मॉनिटरिंग करने में सहायक होगा। साथ ही जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री निष्ठा सोदावत ने विशेष तौर पर जेंडर समानता एवं बाल मैत्रीपूर्ण वातावरण पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि निगरानी व्यवस्था इस प्रकार विकसित होनी चाहिए कि बच्चों को आनंदपूर्ण और सुरक्षित शिक्षा का अनुभव मिल सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक राजेश कुमार आठनेरे एवं सभी जन शिक्षक मिला कर 11 प्रतिभागी उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए।

## नाबालिग को लेकर जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सारनी।** थाना क्षेत्र से अपहृत नाबालिग लड़की को पुलिस ने सीधी से बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी दरोगा अगरिया (23) को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता की मां ने सारणी थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर कोई ले गया है। पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर जांच शुरू की। बैतूल एसपी निश्चल एन झारिया के निर्देश पर पुलिस टीम ने तकनीकी और मुखबिर तंत्र की मदद से जांच की। पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपी पर पॉक्सो एक्ट की धाराएं भी लगाई गईं। 4 सितंबर को आरोपी को



गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। आरोपी दरोगा अगरिया ग्राम चवलाहा, पोस्ट चोपाल, जिला सीधी का रहने वाला है। इस मामले में थाना प्रभारी जयपाल इनवाती, उप निरीक्षक सोनाली ढोक, सहायक उप निरीक्षक अनिल मोर्य, आरक्षक जितेन्द्र मोरे, वर्षा परिहार और साइबर सेल से दीपेंद्र की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एसपी झारिया ने कहा कि मध्यप्रदेश पुलिस महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम अंतर्गत बैठक का हुआ आयोजन

**बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में जिले में एनीमिया मुक्त भारत तथा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम 23 सितम्बर तथा मॉप अप दिवस का आयोजन 26 सितम्बर को किया जाएगा। जिसके अंतर्गत एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र टिकारी बैतूल में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं शिक्षा विभाग की कन्वर्जेंस बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े ने बताया कि को राज्य के चिन्हित 51 जिले जिसमें बैतूल भी शामिल है के सभी स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में 23 सितम्बर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान आयोजित होगा। इस दौरान छूटे हुए बच्चों के लिए मॉप-अप दिवस 26 सितम्बर शुक्रवार को कृमिनाशक किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत शासकीय, निजी, केन्द्र शासित, आदिवासी आश्रम शालाओं, स्नातक महाविद्यालयों, तकनीकी शिक्षा केन्द्रों, मदरसों, आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा किशोर न्याय अधिनियम 2015 अंतर्गत संचालक चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूट में 1 से 19 वर्षीय समस्त बच्चों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में 20 से 49 वर्ष की प्रजनन आयु वर्ग की महिलाएं जो कि गर्भवती, धात्री नहीं हैं कृमिनाशक किया जाएगा।

## सांसद खेल महोत्सव के आयोजन को लेकर बैठक

**मुलताई।** नगर में सांसद खेल महोत्सव के आयोजन को लेकर शुक्रवार को जनपद पंचायत के सभा कक्ष में बैठक आयोजित कि गई। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजीव कहार मुलताई और पट्टन ब्लॉक के सभी सीईओ, बीईओ, बीआरसी, बीएमओ, प्राचार्य और खेल शिक्षक,खेल एवं युवा कल्याण विभाग के समन्वयक, जन अभियान परिषद और महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। सांसद कप प्रतियोगिता अक्टूबर में पंचायत स्तर और नवंबर में जिला स्तर पर आयोजित कि जाएगी। बैठक में खिलाड़ियों के आवागमन,



स्वल्पाहार और पेयजल की व्यवस्था पर चर्चा हुई। प्रतियोगिता स्थल के चयन और स्थानीय पंचायतों से सहयोग पर विचार-विमर्श किया गया। खिलाड़ियों को दिए जाने वाले प्रमाण पत्र, पुरस्कार और खेल सामग्री की योजना बनाई गई।बैठक में एथलेटिक्स इवेंट्स के आयोजन पर विशेष ध्यान दिया गया। रजिस्ट्रेशन के लिए स्कूल-कॉलेज में क्यूआर कोड वाले हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएंगे। उक्त आयोजन बैतूल-हरदा-हरसूद के सांसद और केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके के संरक्षण में होगा।

## पुलिस की मेहनत बेकार, चकमा देकर निकल गये जुआरी

**आमला।** क्षेत्र में लगातार चल रही जुए की चर्चाओं के बीच आखिरकार पुलिस महकमा जागा और देर रात खिड़की, आवरिया, बल्लाचाल और बोडखी क्षेत्र में दबिश दी गई। लेकिन आश्चर्य की बात यह रही कि पुलिस की कार्रवाई से पहले ही जुआरी भागने में कामयाब हो गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि पोला त्योहार के दौरान बड़े पैमाने पर जुआ संचालित होने की चर्चाएं जोरों पर थीं, लेकिन पुलिस की कार्रवाई केवल औपचारिकता बनकर रह गई। सोशल मीडिया पर भी जुए की गतिविधियों की तस्वीरें और चर्चाएं जमकर वायरल हो रही थीं, जिसके बाद दबाव में आकर पुलिस ने छापेमारी की। चौंकाने वाली बात यह रही कि जुआ घरों पर दबिश के बावजूद कोई जुआरी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि क्या पुलिस की भनक पहले से जुआरियों तक पहुँच गई थी या फिर महकमा सिर्फ दिखावे की कार्रवाई कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सख्ती और गोपनीयता के साथ अभियान चलाया जाए तो जुए के इस काले कारोबार पर लगाम लगाई जा सकती है।

## नप अध्यक्ष पर तानाशाह और भ्रष्टाचार का आरोप

**भैंसदेही। नगर परिषद अध्यक्ष मनीष सोलंकी के तानाशाह, भ्रष्टाचार पुर्ण रवैया से पार्षद परेशान है। इसे लेकर एसडीएम अजीत मरावी को ज्ञापन भी सौंपा है।**

जिसमें पार्षद सुज्जू सिंह ठाकुर, आशुतोष राठौर और निर्मला महाले ने बताया कि भैंसदेही नगर परिषद अध्यक्ष मनीष सोलंकी द्वारा तानाशाह पूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है। अध्यक्ष द्वारा स्वयं और अपने चहेतो को लाभ पहुंचाने का कार्य कर परिषद में भ्रष्टाचार किया जा रहा है। पार्षदों का आरोप है कि नगर परिषद सीएमओ रीना राठौर द्वारा 248 लीटर डीजल/पेट्रोल एवं इंजीनियर के नाम पर 110 लीटर डीजल/पेट्रोल की खपत मात्र जुलाई माह में दिखाई गई है जो कि नियम विरूद्ध है। एसए ट्रेडर्स एण्ड सप्लायर्स भोपाल के नाम पर 471965 रू. की नोट शीट बनाई गई, जबकि ऐसी कोई भी सामग्री का भैतिक सत्यापन इंजीनियर द्वारा नही किया गया। इसका मतलब यह फर्जी बिल लगाया गया है। पार्षदों ने आरोप लगाया कि दैनिक वेतन भोगिया के नाम पर अध्यक्ष द्वारा अपने घर के नौकर एवं मित्रो को वेतन दिया जा रहा हैं। नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा नगर में शुद्ध पेयजल 1 रूपये में एक लीटर जब से प्रारम्भ किया गया जिसका पूरा खर्च नगर परिषद उठा रहा है, उसकी आवक की राशि किस खाते में जा रही। नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा नवीन स्कुल के बाजु में शासकीय जमीन पर कब्जा कर रखा है, शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। जिसका पट्टा निरस्त किया जाये। नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा स्वयं अपने स्वयं के कार्यकाल में प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रथम किस्त प्राप्त की है, जो नियम विरूद्ध है। पार्षदों ने इन मुद्दों की जांच कर उचित कार्रवाही किये जाने की मांग की है।

## चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, नगद रकम बरामद

**बैतूल। कोतवाली पुलिस ने अधिवक्ता के कार्यालय से हुई चोरी का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर नगद रकम बरामद की है।**

पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 3 सितंबर को जितेन्द्र प्रजापति पिता नेहरू प्रजापति (उम्र 34 वर्ष, निवासी पाढर थाना कोतवाली बैतूल) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 31 अगस्त को वह एक अधिवक्ता के ऑफिस में गया था। वहां रखे उसके बैग में कपड़े एवं उसकी मेहनत की कमाई के 5000 रखे हुए थे। किसी कार्य से बाहर जाने पर अज्ञात चोर ने खुले ऑफिस से



बैग खोलकर 5000 की नकदी चोरी कर ली। लौटने पर जब फरियादी ने बैग देखा तो उसमें रखी रकम गायब थी। शिकायत पर थाना कोतवाली में धारा 305(ए) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर तत्काल विवेचना शुरू की गई। कोतवाली पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का बारीकी से निरीक्षण किया। फुटेज के आधार पर संदेही दिलीप यादव पिता महादेव यादव, (40 वर्ष) निवासी गौली मोहल्ला कृष्णपुरा वार्ड, टिकारी, बैतूल को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने चोरी करना स्वीकार किया।

पूछताछ में उसने बताया कि चोरी किए गए 5000 में से 1000 खर्च कर दिए हैं। पुलिस ने आरोपी के पास से शेष 4000 नकद बरामद कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी रविकांत डेहरिया, सउनि जगदीश नावरे, प्र.आर. शिवकुमार, प्र.आर. तरुण पटेल, आर. नितिन चौहान, आर. सोनू सूर्यवंशी की सराहनीय भूमिका रही।

**पर्व** | बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग हुए शामिल

# जिले में धूमधाम से मनाया ईद मिलादुन्नबी पर्व निकाले भव्य जुलूस

**बैतूल। पैगंबर ए इस्लाम के जन्मदिन का पर्व ईद मिलादुन्नबी का पर्व बैतूल में शुक्रवार को बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहर के कई हिस्सों से जुलूस निकाले गए और सड़कों को सजाया गया।**

मुख्य कार्यक्रम कोठी बाजार स्थित जामा मस्जिद में हुआ, जहां समाज के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। पर्व को लेकर सुबह से ही शहर में जश्न का माहौल रहा। दारुल उलूम रहमानिया संस्थान से प्रमुख जुलूस निकला, जो विभिन्न मार्गों से होता हुआ जामा मस्जिद पहुंचा। इसी तरह फांसी खदान और गंज इलाके से भी जुलूस निकाले गए। जुलूसों



में बड़ी संख्या में धर्मगुरु और लोग शामिल हुए। रास्ते में जगह-जगह लंगर और भंडारे का आयोजन किया गया। जामा मस्जिद चौक पर अंजुमन इस्लामिया कमेटी ने धर्मगुरुओं का स्वागत किया। यहां नातख्वानी और तकरीरें हुईं और श्रद्धालुओं को प्रसादी बांटी गई। इस मौके पर पेश इमाम जावेद चिश्ती ने पैगंबर इस्लाम के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने लोगों से अपील की कि पैगंबर साहब की शिक्षाओं और जीवन मूल्यों को अपनाएं और उनके बताए मार्ग पर चलकर इंसानियत और भाईचारे का संदेश फैलाएं।

**ईद-ए-मिलाद-उन-नबी पर्व मनाया :** आमला। ईद-ए-मिलाद-उन-नबी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इसी तारतम्य में मुस्लिम समाज के लोगों ने पीर मंजिल से बोड़खी तक शांति अमन की दुआ करते हुए एक भव्य जुलूस निकाला, जिसमें डीजे पर पैगम्बर के संदेश और गीतों के माध्यम से युवा, बच्चे सभी झूमते हुए शांतिपूर्वक कार्यक्रम को सम्पन्न किया।इसे पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। मस्जिदों में नमाज़ अदा की गई और जुलूसों के जरिए अमन, शांति और भाईचारे का संदेश दिया गया।

### ईद- ए-मिलादुन्नवी पर पाथाखेड़ा में निकाला जुलूस

सारनी। हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिवस ईद-ए-मिलादुन्नबी के पावन अवसर पर पाथाखेड़ा शहर में विशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने हिस्सा लेकर उल्लास और भाईचारे का संदेश दिया। सुबह से ही मस्जिदों में नमाज-ए-फज्र अदा करने के बाद अकीदतमंदों ने जुलूस की तैयारी शुरू कर दी। ढोल-ताशों की गूंज और नारे-ए-तकबीर की सदाओं के बीच जुलूस का आगाज हुआ। जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा, जहाँ जगह-जगह सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों ने स्वागत कर शर्बत, ठंडे पानी व मिठाइयों की व्यवस्था की। इस दौरान मोहम्मद साहब के जीवन से जुड़े उपदेश और संदेश भी प्रस्तुत किए गए।

## वोट हेराफेरी के खिलाफ मिलकर लड़े युवा कार्यकर्ता

**भैंसदेही।** गत दिवस बैतूल हरदा लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री असलम शेर खां ने क्षेत्र के युवा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इंडियन वोटर्स क्लब के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा मतदाता और कार्यकर्ता उपस्थिति हुए, ब्लाक के कांग्रेस नेता शिव ठाकुर के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद असलम शेर खां ने कहा की सन् 2024 के चूनाव परिणामों को लेकर वे जितने विचलित हुऐ हैं, उतना आज तक कभी नहीं हुए, उन्होंने कहा जिस राज्य में कांग्रेस को 44 प्रतिशत वोट मिलते हैं , वहां से एक भी सीट लोकसभा में नहीं जाती है, ये सोचनीय है, वहीं उन्होंने कहा प्रदेश की 100 सीटे ऐसी है, जहां पिछाड़ा वर्ग, दलित , आदिवासी और अल्पसंख्यक आज अपने अधिकार से वंचित हैं और इस वर्ग की प्रतिभाओं को मौका नहीं मिल पा रहा है, जो राष्ट्र की राजनीति की मुख्यधारा से जुड सके, वहीं प्रदेश भर में क्षत्रपों के खिलाफ उन्होंने कहां की वे ऐसे लोगों को चुनाव में मौका देते हैं जो उनकी जेब से बाहर नहीं जाए। कांग्रेस के कमजोर होने को लेकर उन्होंने कहां कांग्रेस को हराने का कार्य कांग्रेस में बैठकर ही कुछ कांग्रेसीओ के द्वारा किया जा रहा है जो ठीक नहीं है,और इसी के खिलाफ हमारे नेता राहुल गांधी लड़ रहे हैं हमे उनकी ताकत बनना है आने वाले समय में राहुल गांधी कांग्रेस की कमान इन्हीं वर्गों को सौंपना चाहते हैं इसी पर वे लगातार काम कर रहे हैं ताकी प्रदेश से लेकर पंचायत स्तर तक आपकी भागीदारी तय की जा सके।

